# HAMIRPUR POLICE

**थाना ललपुरा** **दिनांक 26.10.2022**

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार चोरी का माल बरामदः-

अवगत कराना हैं कि दिनांक 24.10.2022 को श्रीमती रजवा पत्नी श्री सियाराम निवासी ग्राम सहुरापुर थाना ललपुरा जनपद हमीरपुर द्वारा थाना ललपुरा पर दी गई लिखित सूचना पर कि दिनांक 06.10.2022 को वादी के घर जादू टोना व झाड़ फूक करने वाले दो व्यक्ति आये और कहे कि तुम्हारे लड़के कि तबियत खराब रहती है अपना जेवर जो घर में है ले आओ मैं फूक लगाकर तुम्हें दे दूँ, उससे रखकर पूजा-पाठ करना और आठ-दस दिन बाद उस पोटली को खोलना तब तुम्हारे लड़के की तबियत बिल्कुल सही हो जायेगी। उसके कहने के अनुसार वादी द्वारा उसको तीन लाकेट, एक मंगलसूत्र, एक जोड़ी बृजबाला दे दिया तो अभियुक्तों द्वारा कहा गया कि तुम्हारे जेवर में फूंक लगा दिये हैं, अब इसको पूजा वाले स्थान पर रख दो उनके कहने के अनुसार कपड़े में लपेट कर दिये गये सामान को वादी ने पूजा वाले स्थान पर रख दिया। करीब 10 दिन बाद खोलकर देखा तो उसमें कंकड़ व गिट्टी निकली तब वादी को समझ आया कि पोटली में रखा जेवर वो दोनो संदिग्ध जिनमें से एक का नाम नफीस और दूसरे का नाम नूर मोहम्मद आपस में ले रहे थे, जिनमें से नूरमोहम्मद का मो0नं0 8737956924 उसकी पर्ची जो वहीं घर में छूट गयी थी उसमें मिल गया। दोनो संदिग्ध सोने की तीन लाकेट, एक मंगलसूत्र व एक जोड़ी बृजबाला धोखे से चुरा ले गये। उपरोक्त सूचना पर थाना ललपुरा पर **तत्काल मु0अ0सं0-140/2022, धारा-379 आईपीसी बनाम 1).नूर मोहम्मद पुत्र अज्ञात व 2).नफीस पुत्र अज्ञात निवासीगण अज्ञात पंजीकृत** किया गया।

घटना के शीघ्र अनावरण करने हेतु पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन के क्रम में थाना ललपुरा पुलिस द्वारा दिनाक 25.10.2022 को मुखबिर की सूचना पर **अभियुक्त नूर मोहम्मद पुत्र मो0 इदरीश उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम अफोई थाना सुल्तानपुर घोष जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार किया गया** और उसके कब्जे से चोरी किए गया माल एक जोड़ी बृजबाला व मगलसूत्र के 4 अदद मूंगे पीली धातु के बरामद किए गए। **बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 आईपीसी की बढ़ोत्तरी** की गई तथा अभियुक्त नफीस पुत्र हबीब निवासी ग्राम थाना सुल्तानपुर घोष जनपद फतेपुर का नाम प्रकाश में आया जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।




**बरामदगी का विवरणः-**

1.एक जोड़ी बृजबाला पीली धातु के
2. मंगलसूत्र के 4 अदद मूंगे पीली धातु के

**गिरफ्तार/बरामदगी करने वाली टीमः-**

1) उ0नि0 रामेश्वर प्रताप सिंह
2) का0 विवेक कुमार मिश्रा
3) का0 शिवम शाक्य थाना